# संत थॉमस स्कूल धुर्वा,राँची

**कक्षा-4** **विषय-हिन्दी**

## पाठ-2 शेर मुस्कराकर रह गया

## मॉडल उत्तर

**शब्दार्थ:- जम्हाई-जँभाई**

अभ्यास:-

**<u>प्रश्न 1-</u> निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

उत्तर क) जंगल में जानवरों की सभा हो रही थी।

उत्तर ख) जब शेर ने सियार से पूछा कि, बताओ मेरे मुँह से खुशबू आ रही है या बदबू तब शेर का यह प्रश्न सुनकर सियार सोच में पड़ गया।

उत्तर ग) खरगोश की तरकीब काम आई।

उत्तर घ) शेर ने भालू से पूछा कि,सूँघकर बताओ,मेरे मुँह से खुशबू आ रही है या बदबू?

उत्तर ङ) भालू ने हाथ जोड़कर कहा कि-हुजूर आप तो जंगल के राजा हैं! आपके मुँह से बदबू कैसे आ सकती है ? आपके मुँह से तो खुशबू आ रही है।

**<u>प्रश्न 2 -</u> किसने कहा ,किससे कहा** ?

उत्तर क) - भालू ने शेर से कहा।

उत्तर ख) - शेर ने भालू से कहा।

उत्तर ग) - सियार ने शेर से कहा।

उत्तर घ) - खरगोश ने शेर से कहा।

**प्रश्न 3) - सही शब्दों से वाक्य पूरे कीजिए-**

उत्तर- क) - जम्हाई

ख) - बदबू

ग) - हिरण

घ) - खरगोश

(अपराजिता हिंदी व्याकरण तथा रचना)

पाठ - 2(वर्ण विचार)

**अभ्यास :-**

**प्रश्न 1 इन शब्दों के वर्णों को अलग अलग लिखिए-**

उत्तर- क) किताब - क् + इ + त् + आ + ब् + अ

ख) पतंग - प् + अ + त् + अं + ग् + अ

ग) बालिका- ब् + आ + ल् + इ + क् + आ

घ) चिड़िया- च् + इ + ड़् + इ + य् + आ

**प्रश्न 2) दिए गए वर्णों के मेल से बने शब्द लिखिए-**

उत्तर क) बिल्ली

ख) शिक्षक

ग) पुस्तक

घ) कंगन

**प्रश्न 3) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**क) वर्ण किसे कहते हैं ? वर्ण कितने प्रकार के होते हैं ?**

उत्तर - वह छोटी ध्वनि जिसके टुकड़े नहीं किए जा सकते हैं वर्ण या अक्षर कहलाती है।वर्ण दो प्रकार के होते हैं स्वर और व्यंजन ।

**ख) स्वर और व्यंजन वर्ण में अंतर बताइए।**

उत्तर- स्वर - जिन वर्णों का उच्चारण स्वतंत्र रूप से होता है उन्हें स्वर वर्ण कहते हैं तथा स्वरों की संख्या 11 है।

व्यंजन - जिन वर्णों का उच्चारण स्वरों की सहायता से होता है वे व्यंजन कहलाते हैं तथा व्यंजनों की संख्या 33 है।

**ग) संयुक्त व्यंजन किसे कहते हैं ?**

उत्तर- दो असमान व्यंजनों का मेल संयुक्त अक्षर/वर्ण या संयुक्त व्यंजन कहलाता है।

**ग) अयोगवाह कितने हैं ? उनके नाम और चिन्ह लिखिए ।**

उत्तर- अयोगवाह की संख्या दो है - अं और अः(अं , :)।

**घ) हलंत का प्रयोग कहाँ किया जाता है ?**

उत्तर - कुछ वर्णों को एक साथ मिलाकर लिखते समय उन्हें जोड़ना संभव नहीं हो पाता ऐसी स्थिति में पहले वर्ण के नीचे हलन्त चिन्ह का प्रयोग किया जाता है।

**प्रश्न 4 उचित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

क) स्वरों की संख्या <u>ग्यारह</u> है।

ख) संयुक्त अक्षर दो और असमान व्यंजनों के योग से बनते हैं।

ग) स्वर का बदला हुआ रूप ही <u>मात्रा</u> है।

घ) ऑ को <u>आगत</u> ध्वनि कहते हैं।

ङ) भाषा की सबसे छोटी इकाई <u>वर्ण</u> है ।

**प्रश्न 5) संयुक्त व्यंजनों का प्रयोग करके दो-दो शब्द बनाइए -**

उत्तर- क) क्त - वक्त , रक्त

ख) क्क - मक्का , पक्का

ग) प्य - प्यासा , प्यारा

घ) च्छ - मच्छर , स्वच्छ

ङ) ष्ट - कष्ट , स्पष्ट

**प्रश्न 6) दिए गए शब्दों को सही स्थान पर लिखिए-**

र - भारत, रथ, खरगोश

- सम्राट, प्रश्न, समुद्र

- पर्वत, धर्म, गर्व

- ड्रामा, ट्रेन, ट्रक

**प्रश्न 7) क्ष, त्र, ज्ञ ,श्र के तीन- तीन शब्द लिखिए-**

क्ष - कक्षा, क्षमता ,शिक्षा

त्र - त्रिशूल, त्रिभुज ,त्रिकाल

ज्ञ - सर्वज्ञ, ज्ञान, ज्ञानी

**(गृहकार्य - प्रस्ताव लेखन - स्वतंत्रता दिवस (पृष्ठ संख्या - 107)**

**अपनी व्याकरण** कॉपी **में लिखिए। )**